**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**08.10.2023/प्रादेशिक समाचार बुलेटिन/9:20बजे**

----

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एशियाई खेलों में सौ पदक जीतने पर भारतीय एथलीटों को बधाई दी है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि यह एशियाई खेलों में भारत के लिए एक यादगार उपलब्धि है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 100 पदकों की महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करने पर हर देशवासी रोमांचित है। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वे एशियाई खेल में शामिल भारतीय दल से मंगलवार को मुलाकात करेंगे।

----

केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन की अध्यक्षता में नई दिल्ली में वस्तु व सेवाकर–जीएसटी परिषद की 52वीं बैठक आयोजित की गई। बैठक में केंद्रीय वित्तराज्य मंत्री पंकज चौधरी के साथ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्रियों ने भी भाग लिया। बाद में वित्तमंत्री ने संवाददाताओं को बताया कि बैठक में जीएसटी अपीलीय अधिकरण के अलावा बाजरा तथा शीरे पर जीएसटी की दरों के बारे में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। परिषद ने शीरे पर जीएसटी 28 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने का फैसला लिया है, जिससे गन्ना किसानों को फायदा होगा। वित्तमंत्री ने कहा कि 70 प्रतिशत बाजरा युक्त आटा खुले में बेचे जाने पर उस पर कोई जीएसटी नहीं लगेगा। लेकिन अगर इसे पैक करके या लेबल लगाकर बेचा जाता है तो इस पर 5 प्रतिशत जीएसटी लगेगा।

----

केन्द्रीय सूचना व प्रसारण और युवा सेवाएं व खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर आज से प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर हैं। अब से कुछ देर पहले गग्गल हवाई अड्डे पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं व आम लोगों ने केन्द्रीय मंत्री का स्वागत किया। अनुराग सिंह ठाकुर आज हमीरपुर के अणु मैदान में चल रही भृगु कबड्डी लीग के समापन समारोह की अध्यक्षता करेंगे। इसके उपरांत वे हमीरपुर में ही हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय इंटर कॉलेज कबड्डी चैंपियनशिप का शुभारंभ करेंगे।

केंन्द्रीय मंत्री 9 अक्तूबर को हमीरपुर जिला की विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

----

प्रदेश की 150 ग्राम पंचायतों में 5 नवम्बर को उपचुनाव करवाए जाएंगे। मतदान प्रातः 8 बजे से सांय 4 बजे के बीच होगा। राज्य निर्वाचन आयोग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। इसके साथ ही संबंधित क्षेत्रों में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। अधिसूचना के अनुसार 18, 19 तथा 20 अक्तूबर को नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकते हैं। 21 अक्तूबर को नामांकन पत्रों की छंटनी होगी 25 अक्तूबर को नाम वापस लिए जा सकते हैं।

----

66वां राष्ट्रमण्डल संसदीय सम्मेलन घाना की राजधानी अक्रा के कन्वेशन सैंटर में कल सम्पन्न हुआ। इस सम्मेलन में राष्ट्रमण्डल में शामिल सभी देशों के प्रतिनिधियों और भारत की सभी राज्य विधानसभाओं के पीठासीन अधिकारियों ने भाग लया। प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां ने सम्मेलन में "लिंग कोटा – अंत का एक साधन" विषय पर अपना सम्बोधन दिया और अक्रा कन्वेशन सेंटर में आयोजित सी0 पी0 ए0 महासभा की बैठक में भी भाग लिया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने हिमाचल प्रदेश विधान सभा की ई–विधान प्रणाली, ई–निर्वाचन प्रबन्धन और विधानसभा की कार्यप्रणाली व क्रिया–कलापों बारे में गहन चर्चा की।

**और अब एक नज़र अखबारों की सुर्खियों पर.......**

आज प्रकाशित सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला की सुर्खी है–**क्रिप्टो करेंसीः हिमाचल, पंजाब समेत 35 स्थानों पर दबिश–साइबर थाने में 8 और शिकायतें एक करोड़ की ठगी के आरोप।** पंजाब केसरी के शब्द हैं–**हिमाचल सहित 35 जगहों पर छापे, कई महत्वपूर्ण दस्तावेज़ हाथ लगे।** दैनिक भास्कर का शीर्षक है–**क्रिप्टोकरेंसी फ्रॉड मामले में एस.आई.टी की प्रदेश के 35 स्थानों पर रेड, लेन–देन के दस्तावेज जुटाए।**

दिव्य हिमाचल ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से खबर को सुर्खी दी है–**हिमाचल में पर्यटन को एक हजार 3 सौ 13 करोड़ रुपये मंजूर–पहले फेज़ के लिए बिड डॉक्यूमेंट को एशियन डवेल्पमैंट बैंक ने दी स्वीकृति।**

एशियाई खेलों में भारतीय महिला कबड्डी टीम की जीत से जुड़ी खबर पर अमर उजाला का शीर्षक है–**स्वर्ण पदक की खुशी में कबड्डी टीम की कप्तान रितु के घर नाटी।** दैनिक जागरण के शब्द हैं–**हिमाचली मणियों से चमका स्वर्ण–एशियाई खेलों में प्रदेश की बेटियों ने देश को किया स्वर्णिम।** हिमाचल दस्तक लिखता है– **हिमाचली बेटी रितु नेगी की अगुवाई में भारत ने कबड्डी में जीता गोल्ड।** आपका फैसला के अनुसार–**हिमाचल की बेटियों ने चीन में लहराया भारत का परचम।** दैनिक सवेरा टाईम्स का कहना है–**खेल मंत्री अनुराग ठाकुर के नेतृत्व में भारत ने लगाई पदकों की सैंचुरी–धर्मशाला में क्रिकेट विश्व कप के 5 मैचों के आयोजन से भी मिल रही केंद्रीय मंत्री को वाहवाही।**

दैनिक भास्कर की एक खबर है– **अब विस्टाडोम कोच में बैठ निहार सकेंगे पहाड़, कालका, शिमला रोज अप–डाउन करेगी ट्रेन, किराया 630 रूपये।**

**पंचायती राज संस्थाओं में उप–चुनाव की अधिसूचना जारी शीर्षक से** हिमाचल दस्तक लिखता है–140 पदों पर 5 नवंबर को उप–चुनाव। **अखबार की एक अन्य खबर है– कमीशन से शिक्षक भर्तियों का प्रोसेस शुरू।**

पंजाब केसरी की एक सुर्खी है–**आपदा प्रभावितों को सरकार की तरफ से मिली ज़मीन पर मकान बनाना होगा अनिवार्य।** अखबार की एक अन्य खबर है–**सी.डब्ल्यू सी. बैठक में हिस्सा लेने दिल्ली जाएंगे सुक्खू व प्रतिभा।**

————————————

केन्द्रीय सूचना व प्रसारण और युवा सेवाएं व खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर आज से प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर हैं। अनुराग सिंह ठाकुर आज हमीरपुर के अणु मैदान में चल रही भृगु कबड्डी लीग के समापन समारोह की अध्यक्षता करेंगे। इसके उपरांत वे हमीरपुर में ही हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय इंटर कॉलेज कबड्डी चैंपियनशिप का शुभारंभ करेंगे।

प्रदेश की 150 ग्राम पंचायतों में 5 नवम्बर को उपचुनाव करवाए जाएंगे। मतदान प्रातः 8 बजे से सांय 4 बजे के बीच होगा। राज्य निर्वाचन आयोग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। इसके साथ ही संबधित क्षेत्रों में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। अधिसूचना के अनुसार 18, 19 तथा 20 अक्तूबर को नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकते हैं। 21 अक्तूबर को नामांकन पत्रों की छंटनी होगी 25 अक्तूबर को नाम वापस लिए जा सकते हैं।

66वां राष्ट्रमण्डल संसदीय सम्मेलन घाना की राजधानी अक्रा के कन्वेशन सैंटर में कल सम्पन्न हुआ। इस सम्मेलन में राष्ट्रमण्डल में शामिल सभी देशों के प्रतिनिधियों और भारत की सभी राज्य विधानसभाओं के पीठासीन अधिकारियों ने भाग लया। प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां ने सम्मेलन में "लिंग कोटा –अंत का एक साधन" विषय पर अपना सम्बोधन दिया और अक्रा कन्वेशन सेंटर में आयोजित सी0 पी0 ए0 महासभा की बैठक में भी भाग लिया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एशियाई खेलों में सौ पदक जीतने पर भारतीय एथलीटों को बधाई दी है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि यह एशियाई खेलों में भारत के लिए एक यादगार उपलब्धि है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 100 पदकों की महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करने पर हर देशवासी रोमांचित है। उन्होंने कहा कि हर असाधारण प्रदर्शन ने इतिहास रचा है और भारतीयों में गर्व की भावना पैदा की है।